आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 11.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- स्वामित्व योजना के तहत अब तक दो करोड़ पैंतीस लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए गए।
- प्रदेश में इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए 200 करोड़ रुपये का ई–व्हीकल प्रमोशन फंड गठित।
- पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।
- भारत और मिस्त्र का संयुक्त युद्ध अभ्यास **साइक्लोन** के तीसरे संस्करण का बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजन।

000

केन्द्र सरकार ने कहा है कि स्वामित्व योजना के तहत अब तक एक लाख उनसठ हजार गांवों में दो करोड़ पैंतीस लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए गए हैं। लोकसभा में आज पंचायती राज मंत्रालय में राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं 18 जनवरी को विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के बावन हजार गांवों में पैंसठ लाख कार्डो के ई–वितरण की निगरानी की है। उन्होंने कहा कि लगभग तीन लाख अठारह हजार गांवों का ड्रोन सर्वेक्षण पूरा हो चुका है।

000

राजसमंद सांसद महिमा कुमारी ने आज लोकसभा में ब्यावर में नवोदय विद्यालय खोलने की मांग उठाई। उन्होंने शून्यकाल में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में शिक्षा का बहुत अधिक महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि राजसमंद संसदीय क्षेत्र में ब्यावर नवगठित जिला है। यहां नवोदय विद्यालय नहीं होने से बच्चों को नसीराबाद जाना पड़ रहा है।

000

मालदीव पीपल्स मजलिस के स्पीकर अब्दुल रहीम अब्दुल्ला के नेतृत्व में मालदीव संसदीय शिष्टमंडल भारत के दौरे पर है। इस शिष्टमंडल ने आज लोकसभा की कार्यप्रणाली को देखा। इससे पहले, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिष्टमंडल का स्वागत किया। लोकसभा अध्यक्ष के साथ मालदीव संसदीय शिष्टमंडल ने द्विपक्षीय संसदीय बैठक भी की। शिष्टमंडल के सम्मान में लोकसभा अध्यक्ष ने दोपहर भोज दिया।

000

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार साइबर अपराधों से निपटने के लिए चार–स्तरीय रणनीति अपना रही है, जिसमें समन्वय, संचार और क्षमता वृद्धि शामिल है। आज नई दिल्ली में 'साइबर सुरक्षा और साइबर अपराध' विषय पर गृह मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए गृह मंत्री ने साइबर अपराध को रोकने के लिए जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समिति के सदस्यों से इस बारे में जारी हेल्पलाइन नंबर 1930 को अधिक से अधिक प्रचारित करने का अनुरोध किया। श्री शाह ने बताया कि अपराधियों के खातों की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का उपयोग करने के प्रयास चल रहे हैं।

000

प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढावा देने के लिए इलेक्ट्रिक वाहन नीति के तहत 200 करोड़ रुपये का ई–व्हीकल प्रमोशन फंड गठित किया गया है। ''इलेक्ट्रिक वाहन नीति'' के अन्तर्गत आधुनिक बैटरी युक्त इलैक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को स्टेट जीएसटी राशि का पुनर्भरण और एकमुश्त अनुदान ई–व्हीकल प्रमोशन फंड में से दिये जाने का प्रावधान किया गया है। इस प्रावधान का लाभ एक सितम्बर 2022 से खरीदे गए और राज्य में पंजीकृत किये गये वाहनों पर देय होगा। वाहन की खरीद राजस्थान से ही होना जरूरी किया गया है। अनुदान राशि सीधे ही वाहन मालिक के खाते में हस्तांतरित की जाएगी।

000

महाकुंभ से जुडी खबरें–

प्रयागराज महाकुंभ में कल माघ पूर्णिमा का स्नान होगा। बडी संख्या में तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के आने की संभावना के मद्देनजर रेलवे ने विशेष व्यवस्था की है। केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रयागराज रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अपने निरीक्षण के दौरान श्री वैष्णव ने भीड़ की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रेलवे की तैयारियों पर चर्चा की। इस बीच उत्तर–पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया कि 13 महाकुंभ मेला स्पेशल रेलगाडियां चलाई जा रही है। ये रेलगाडियां उदयपुर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर, अजमेर, जयपुर, जोधपुर और बीकानेर से उपलब्ध हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे की ओर से 'महाकुंभ 2025' बुकलेट भी यात्रियों को दी जा रही है।

इस बीच, राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने आज परिजनों सहित महाकुंभ मेले में त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाई। राज्यपाल ने गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम स्थल को भारतीय सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले विशाल जन का आत्मीय समागम स्थल बताया।

000

राष्ट्र, आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय 1953 से 1968 तक भारतीय जनसंघ के नेता रहे। वे भारतीय जनता पार्टी की स्थापना के समय से ही वैचारिक मार्गदर्शन और नैतिक प्रेरणा के स्रोत रहे हैं। इस अवसर पर जयपुर के पास धानक्या में दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक स्थल पर पुष्पाजंलि और प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति समारोह समिति अध्यक्ष प्रो. मोहन लाल छीपा ने कहा कि पंडित दीनदयाल से जुड़े स्थलों का विकास किया जाना चाहिए।

.............

सभा स्थल पर निःशुल्क मोतियाबिंद जांच और लैंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया गया। भजन संध्या आयोजित की जा रही है। प्रदेश के अन्य जिलों में भी पंडित उपाध्याय की पुण्यतिथि पर विभिन्न आयोजन हुए।

पाली में जिले के प्रभारी मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। पंडित उपाध्याय के सुशासन से संबंधित विचारों और नीतियों पर संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया। सवाईमाधोपुर में भाजपा कार्यालय और मंडल कार्यालयों पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में प्रधानमंत्री ने पंडित दीनदयाल को एक दूरदर्शी विचारक बताया, जिन्होंने खुद को भारत की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का पंडित दीनदयाल उपाध्याय का दर्शन नागरिकों को एक मजबूत राष्ट्र की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करता रहता है।

000

पाली जिले के प्रभारी और स्वायत्त शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा ने आज जनसुनवाई की। उन्होंने लोगों की समस्याओं के निपटारे के लिए विभागीय अधिकारियों को दिशा–निर्देश दिए। श्री खर्रा ने जिला स्तरीय अधिकारियों के विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा बैठक की।

000

'सेफर इन्टरनेट डे' पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इन अपराधों में खास तौर पर बैंक और निवेश के नाम से फर्जी कॉल और फर्जी लिंक भेजकर बैक खाते से रकम उड़ाने की घटनाएं शामिल है। इस वर्ष की थीम ''टूगेदर फॉर ए बैटर इन्टरनेट'' रखी गई है। इस मौके पर बाडमेर में जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कोटपूतली–बहरोड़ में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं की ओर से लोगों के लिए जागरुकता कार्यक्रम हुआ। अजमेर में शिविर के जरिए आमजन को इंटरनेट के सुरक्षित और जिम्मेदार उपयोग की जानकारी दी गई। पाली में इंटरनेट दिवस पर सेमिनार आयोजित की गई। साथ ही एक लघु फिल्म के माध्यम से साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय बताए गए।

000

भारत और मिस्त्र का संयुक्त युद्ध अभ्यास **साइक्लोन** का तीसरा संस्करण बीकानेर की महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में आयोजित किया जा रहा है। कल से शुरू हुआ ये अभ्यास 23 फरवरी तक चलेगा। साइक्लोन अभ्यास एक वार्षिक कार्यक्रम है, जो बारी–बारी भारत और मिस्र में आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण पिछले साल जनवरी में मिस्र में हुआ था। एक रिपोर्ट –

000

डीग में जिले के प्रगतिशील किसानों और कीटनाशक विक्रेताओं को कीटनाशक के विवेकपूर्ण इस्तेमाल के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ये प्रशिक्षण कार्यक्रम टिड्डी सह एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केन्द्र जयपुर की ओर से आयोजित किया गया है। हमारी संवाददाता ने बताया कि प्रशिक्षण के तहत किसानों और कीटनाशक विक्रेताओं को एन.पी.एस.एस. एप के बारे में भी बताया जा रहा है।

000

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा है कि भाजपा का संगठनात्मक ढांचा बहुत मज़बूत और अनुशासित है। मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा को नोटिस दिए जाने के संदर्भ में एक सवाल का जवाब देते हुए आज नई दिल्ली में श्री राठौड़ ने कहा कि पार्टी हमेशा समय–समय पर उचित निर्णय लेने के लिए प्रतिबद्ध रहती है।

000